डाक पंजीयन क्रं. मालवा डिविजन/404/2025-27 RNIMPHI/2022/86763

हिन्दी दैनिक

# संघर्ष से सिद्धि

खबरों के साथ, हर नजरिये की बात

Sangharshsesiddhi@gmail.com | उज्जैन, मंगलवार 10 फरवरी 2026 | वर्ष-04 अंक-188 | पृष्ठ-08, मूल्य-01 रुपये

''स्वदेशी अपनाओ, राष्ट्र को शक्तिशाली बनाओ''

# स्पीकर ओम बिरला के खिलाफ लामबंद हो रहा विपक्ष, अविश्वास प्रस्ताव लाने की तैयारी



**नई दिल्ली। संसद में विपक्ष अब लोकसभा स्पीकर ओम बिरला के खिलाफ मोर्चा खोलने की तैयारी कर रहा है। खबर है कि बिरला के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाया जा सकता है। कहा जा रहा है कि कई विपक्षी दल इसे लेकर सहमति जता रहे हैं। हालांकि, इसे लेकर आधिकारिक तौर पर कुछ नहीं कहा गया है। सोमवार को भी सदन को 12 बजे तक के लिए स्थगित कर दिया गया था।**

विपक्ष बिरला के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने जा रहा है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, विपक्षी दल इस प्रस्ताव को लेकर एकजुट भी हो गए हैं और हस्ताक्षर होने बाकी हैं। फिलहाल, किसी पार्टी ने इसे लेकर सार्वजनिक रूप से कुछ नहीं कहा है। बजट सत्र में हंगामा जारी है। एक ओर जहां विपक्ष के आरोप हैं कि लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को बोलने नहीं दिया गया। वहीं, एनडीए सांसद विपक्ष पर संसद चलने नहीं देने के आरोप लगा रहे हैं।

**लोकसभा में नहीं चला प्रश्नकाल**

लोकसभा में सोमवार को कांग्रेस सदस्यों के हंगामे के कारण प्रश्नकाल नहीं चल सका और बैठक शुरू होने के पांच मिनट बाद ही दोपहर 12 बजे तक स्थगित कर दी गई। बैठक शुरू होते ही लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने अंडर-19 क्रिकेट विश्वकप जीतने वाली भारतीय टीम को बधाई दी और सदस्यों ने मेजें थपथपाकर टीम की जीत की सराहना की।

इसके बाद अध्यक्ष ने जैसे ही प्रश्नकाल शुरू कराया, कांग्रेस के सदस्य सदन में उपस्थित नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को बोलने देने की अनुमति मांगने लगे। इस पर लोकसभा अध्यक्ष ने कहा कि प्रश्नकाल में केवल प्रश्न पूछे जाते हैं और कभी किसी सदस्य को अन्य कोई विषय उठाने की अनुमति नहीं दी जाती।

उन्होंने हंगामा कर रहे विपक्षी सांसदों से प्रश्नकाल चलने देने की अपील करते हुए कहा कि वह बजट पर सदन में होने वाली चर्चा में सभी सदस्यों को उनके लिए आवंटित समय के अनुसार बोलने का अवसर देंगे।

बिरला ने कहा, प्रश्नकाल के बाद शून्यकाल में या बजट पर चर्चा के दौरान सभी सदस्यों को बोलने का मौका दिया जाएगा। नेता प्रतिपक्ष हों या कोई अन्य सदस्य हो, सभी को पूरा अवसर दिया जाता है। आप बजट पर चर्चा करते समय अपनी बात रख सकते हैं।

उन्होंने विपक्षी सदस्यों से नियोजित तरीके से सदन की कार्यवाही बाधित नहीं करने का अनुरोध करते हुए कहा, प्रश्नकाल सांसदों का समय होता है। इस दौरान सदन को बाधित नहीं करें। सदन नियम प्रक्रियाओं से चलता है।

नियोजित तरीके से गतिरोध और नारेबाजी के लिए सदन नहीं है। इस दौरान कांग्रेस के सांसदों ने आसन के पास आकर नारेबाजी शुरू कर दी। शोर-शराबा जारी रहने पर अध्यक्ष ने पांच मिनट बाद ही कार्यवाही दोपहर 12 बजे तक स्थगित कर दी।

# परीक्षा की तैयारी मेहनत से करें, तनाव लेकर नहीं-मुख्यमंत्री मोहन डॉ. यादव



**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि आज के विद्यार्थी ही देश का भविष्य हैं। देश की बागडोर आगे चलकर इन्हें ही संभालनी है। इसलिए सभी विद्यार्थी अपने कौशल, ज्ञान और प्रदर्शन में निरंतर सुधार कर खुद को निखारें। परीक्षा की तैयारी पूरी मेहनत और लगन से करें, तनाव बिलकुल भी न लें। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि परीक्षा हमारे जीवन का एक पड़ाव मात्र है, अंतिम लक्ष्य नहीं। मेहनत करना आपकी आदत में होना चाहिए, लेकिन तनाव को खुद पर हावी न होने दें। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि विद्यार्थियों के लिए परीक्षा के वक्त आत्मविश्वास, अनुशासन और संतुलित दिनचर्या ही सफलता की अंतिम कुंजी है। स्वयं पर सदैव विश्वास बनाए रखें, किसी बात से डरकर नहीं, डटकर आगे बढ़िए और अपने सभी सपनों को साकार कीजिए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव सोमवार को शासकीय सुभाष उच्चतर माध्यमिक उत्कृष्ट विद्यालय में बोर्ड परीक्षाओं से पहले परीक्षा पर संवाद-2026 कार्यक्रम में विद्यार्थियों को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विद्यार्थियों को बेहतर तैयारी के लिये मार्गदर्शन भी दिया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सभी विद्यार्थियों से परीक्षा के समय खुद को तनाव से दूर रखते हुए निरंतर भरपूर मेहनत करने और जितना भी हो सके, अच्छे अंक लाने की अपील की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विद्यार्थियों को समय प्रबंधन, नियमित अभ्यास और किसी भी हालात में खुद पर विश्वास बनाए रखने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि असफलता से घबराने की बजाए उससे सीख लेकर आगे बढ़ना ही एक सशक्त व्यक्तित्व की पहचान है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हमारी सरकार शिक्षा व्यवस्था को सशक्त बनाने के लिए हरसंभव कोशिश कर रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विद्यार्थियों से सीधा संवाद कर उनकी जिज्ञासाओं को ध्यानपूर्वक सुना और उन्हें सकारात्मक सोच के साथ अपना भविष्य बनाने की दिशा में आगे बढ़ने की समझाइश दी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि परीक्षा के समय सभी विद्यार्थी पर्याप्त नींद लें। पढ़ाई का एक शेड्यूल निर्धारित करें। किसी विषय के अध्ययन के बाद उस पर चिंतन-मनन की आदत डालें। केवल अक्षर ज्ञान ही पर्याप्त नहीं है। विद्यार्थियों को अपने मित्रों और शिक्षकों के साथ पाठ्यक्रम के विषयों पर चर्चा करनी चाहिए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने छात्रा लक्ष्मी तिवारी के प्रश्न पर कहा कि माता-पिता और बच्चों के बीच परस्पर संवाद होते रहना चाहिए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विद्यार्थियों से पूछा कि परीक्षा से कौन-कौन डरते हैं या किसको डर नहीं लगता है? इस पर छात्र आदित्य ने कहा कि रेगुलर तैयारी करेंगे तो परीक्षा से बिल्कुल भी डर नहीं लगेगा। सिलेबस को डिवाइड कर रिवीजन करना चाहिए। छात्रा सरस्वती ने कहा कि हमें परीक्षा देते समय खुद पर विश्वास रखना चाहिए, क्योंकि प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा है कि परीक्षा एक उत्सव की तरह है। छात्रा तान्या दुबे ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव को बताया कि वे हमेशा आत्मविश्वास के साथ परीक्षा हॉल में प्रवेश करती है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने छात्रों से पूछा कि परीक्षा के समय में पेपर में आए प्रश्नों का उत्तर देने में चयन कैसे करते हैं?

# राहुल गांधी का दावा, प्रधानमंत्री मोदी उनके गलवान घाटी पर दिए बयानों और जनरल नरवणे के संस्मरणों की सच्चाई का सामना करने से डर रहे

**नई दिल्ली। राहुल गांधी ने दावा किया है कि प्रधानमंत्री मोदी उनके गलवान घाटी पर दिए बयानों और जनरल नरवणे के संस्मरणों की सच्चाई का सामना करने से डर रहे हैं, न कि किसी धमकी के कारण। उन्होंने कहा कि सरकार इसी मुद्दे पर चर्चा से बचने के लिए लोकसभा की कार्यवाही स्थगित कर रही है और रक्षा मंत्री ने सदन में झूठ बोला है।**

कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने सोमवार को कहा कि विपक्षी सांसदों द्वारा प्रधानमंत्री मोदी को धमकी देने का कोई सवाल ही नहीं उठता, लेकिन उन्होंने दावा किया कि प्रधानमंत्री पूर्व सेना प्रमुख जनरल एमएम नरवणे के संस्मरण का हवाला देते हुए 2020 के गलवान घाटी संघर्ष पर दिए गए अपने बयान के कारण सदन में आने से डर रहे हैं। लोकसभा में विपक्ष के नेता ने कहा कि सरकार ने सदन को स्थगित कर दिया क्योंकि वह नहीं चाहती थी कि वह इस मुद्दे को संसद में उठाएं।

संसद परिसर में पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने दावा किया कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सदन में झूठ बोला है, क्योंकि नरवणे का संस्मरण प्रकाशित हो चुका है और उनकी प्रति उनके पास है। उत्तर प्रदेश के रायबरेली निर्वाचन क्षेत्र से लोकसभा सांसद गांधी ने कई विपक्षी सांसदों के



निलंबन को लेकर सरकार की आलोचना भी की। गांधी ने कहा कि प्रधानमंत्री सदन में आने से डर रहे थे, सदस्यों की वजह से नहीं, बल्कि मेरी बातों की वजह से। वे अब भी डरे हुए हैं क्योंकि वे सच्चाई का सामना नहीं कर सकते। हमारे सदस्यों द्वारा प्रधानमंत्री पर हमला करने का तो सवाल ही नहीं उठता। उन्हें आने का साहस दिखाना चाहिए।

गांधी ने आगे कहा कि मैंने यह भी कहा था कि अगर कोई कहता है कि वह प्रधानमंत्री पर हमला करने जा रहा है, तो कृपया तुरंत एफआईआर दर्ज करें। उस व्यक्ति को गिरफ्तार करें।

आप ऐसा क्यों नहीं कर रहे हैं? तो असल में यही हुआ है। गांधी ने कहा कि पूरा विपक्ष संसद में चर्चा करने को उत्सुक है, लेकिन इसके लिए सरकार को उनकी शर्तें माननी होंगी। पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष ने आगे दावा किया कि सरकार अमेरिका के साथ हाल ही में हुए व्यापार समझौते के कारण केंद्रीय बजट 2026-27 पर चर्चा नहीं करना चाहती।

# धार कोतवाली पुलिस ने किया बाइक चोर गिरोह का पर्दाफाश, 9 लाख की 8 मोटरसाइकिलें बरामद

## तिरला के माफीपुरा की झाड़ियों में छुपाई थी मोटरसाइकिले, इंदौर, धार सहित कई क्षेत्रों में की थी बाइक चोरी की वारदातें

**धार। शहर में लगातार हो रही दुपहिया वाहनों की चोरी की वारदातों में कोतवाली पुलिस को सफलता मिली है। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर घेराबंदी कर अंतर-जिला बाइक चोर गिरोह के दो सक्रिय सदस्यों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से कुल 8 मोटरसाइकिलें बरामद की हैं, जिनकी अनुमानित कीमत लगभग 9 लाख रुपये बताई जा रही है।**

जानकारी के अनुसार, पुलिस अधीक्षक मयंक अवस्थी व एएसपी विजय डावर के निर्देशन में वाहन चोरों के विरुद्ध अभियान चलाया जा रहा था। इसी दौरान सीएसपी सुजावल जग्गा के मार्गदर्शन में कोतवाली थाना प्रभारी दीपक सिंह चौहान की टीम को मुखबिर से सूचना मिली कि भक्ताम्बर रोड स्थित देवीजी मंदिर के पास दो संदिग्ध व्यक्ति चोरी की बाइक के साथ बैठे हैं। पुलिस ने तत्काल मौके पर दबिश देकर संजय पिता




भगडिया अनारे और मनोज पिता कमरु अनारे निवासी देवीपुरा टांडा) को हिरासत में लिया। शुरुआती पूछताछ में आरोपियों ने मगजपुरा से बजाज पल्सर चोरी करना स्वीकार किया। पुलिस रिमांड के दौरान आरोपियों ने बताया कि उन्होंने अपने साथियों रितेश और नबलसिंह के साथ मिलकर धार और इंदौर के विभिन्न क्षेत्रों से कई वाहन चुराए हैं। आरोपियों की निशानदेही पर तिरला के पास झाड़ियों में छिपाकर रखी गई अन्य मोटरसाइकिलें भी बरामद की गईं। पुलिस ने बजाज पल्सर एन, टीवीएस स्टार सीटी एमपी 47 एमएल 9202, दो यामाहा आर वन 5, पीले रंग की बजाज पल्सर, एक सफेद रंग की आर वन 5, काले रंग की स्प्लेंडर के साथ एक ग्रे कलर की स्प्लेंडर को जप्त किया है।

**इनकी रही सराहनीय भूमिका**

कार्रवाई में थाना प्रभारी दीपक सिंह चौहान, सउनि. सुनील कुशवाह, अनिल डावर, प्रआर. अरविंद चौहान, आर. रामनरेश यादव, सउनि. रामसिंह हटीला (टांडा), आर. सुनील और सायबर सेल के आरक्षक शुभम शर्मा का विशेष योगदान रहा। वारदात में शामिल अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है।

# सोने-चांदी के भावों में उछाल और ग्राहकों के दबाव से सहमे व्यापारी, धार में सराफा कारोबारी की आत्महत्या के बाद आक्रोश

## सराफा संघ ने पुलिस अधीक्षक को सौंपा ज्ञापन, पुराने बिक्री के मामलों को गिरवी का रुप देकर दर्ज करवा रहे झूठी शिकायतें

**धार। सोने और चांदी के दामों में आए ऐतिहासिक उतार-चढ़ाव ने धार जिले के सराफा बाजार में हड़कंप मचा दिया है। चांदी की कीमतों में हुई बेतहाशा वृद्धि और फिर उसी रफ्तार से आई गिरावट ने व्यापारियों को संकट में डाल दिया है। इस तनावपूर्ण स्थिति के बीच शहर के बनियावाड़ी क्षेत्र में एक सराफा व्यापारी द्वारा आत्महत्या किए जाने के बाद व्यापारियों का गुस्सा फूट पड़ा है।**

धार एक आदिवासी बहुल जिला है, जहां चांदी के गहनों की मांग और लेन-देन काफी अधिक रहता है। व्यापारियों का कहना है कि पूर्व में जो चांदी बेची गई थी, अब भाव बढ़ने के बाद कई ग्राहक उसे गिरवी बताकर वापस मांग रहे हैं या पुरानी कीमतों पर दबाव बना रहे हैं। इसी मानसिक प्रताड़ना और विवादों से तंग आकर कल श्री हरि ज्वेलर्स के संचालक हरिराम अग्रवाल ने अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली।

**सराफा संघ ने पुलिस अधीक्षक को सौंपा ज्ञापन**

घटना के विरोध में सराफा व्यापारी संघ धार ने पुलिस प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर कड़ी कार्रवाई और सुरक्षा की मांग की है। संघ के अध्यक्ष मुकेश सोनी



और सचिव सागर अग्रवाल के नेतृत्व में व्यापारियों ने मांग की है कि पुराने बिक्री के मामलों को गिरवी का रूप देकर व्यापारियों पर झूठी शिकायतें दर्ज कराई जा रही हैं। प्रशासन बिना जांच और संगठन को विश्वास में लिए कोई एफआईआर दर्ज न करे।

जिले भर के व्यापारियों में भय का माहौल है। प्रशासन ऐसा वातावरण निर्मित करे ताकि व्यापारी शांतिपूर्ण तरीके से अपना व्यापार और जीवन निर्वाह कर सकें। व्यापारियों की चेतावनी व्यापारियों का कहना है कि ग्राहकों के अनुचित दबाव के कारण उनका रूटीन कार्य ठप हो गया है और वे मानसिक तनाव में जी रहे हैं। संघ ने स्पष्ट किया है कि यदि भविष्य में व्यापारियों का उत्पीड़न नहीं रुका, तो वे उग्र आंदोलन के लिए मजबूर होंगे।

# पुलिस थाना परिसर में आगामी प्रमुख त्यौहारों को देखते शांति समिति की बैठक आयोजित की गई

(पंकज गोस्वामी)

राणापुर। आगामी महाशिवरात्रि पर्व, होली, अंचल के लोक पर्व भगोरिया एवं पवित्र रमजान माह को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। प्रशासन ने सभी समाज प्रमुखों से अपील की कि वे इन त्यौहारों को आपसी भाईचारे और शांतिपूर्ण ढंग से मनाएं। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि पर्व के दौरान किसी भी प्रकार की भ्रामक खबर या हुड़दंग करने वालों पर कड़ी नजर रखी जाएगी।

**भगोरिया मेले और अतिक्रमण पर निर्णय**

नगर की व्यवस्थाओं को लेकर चर्चा करते हुए बैठक में अतिक्रमण पर भी चर्चा हुई। अधिकारियों ने कहा कि त्यौहारों




के समय बाजार में भीड़ को देखते हुए मुख्य मार्गों से अतिक्रमण हटाया जाएगा। वहीं, भगोरिया पर्व को लेकर विशेष रूप से झाबुआ जिला मुख्यालय पर मेले में हुई घटना पर थोड़ा ध्यान देते हुए उसकी पुनरावृत्ति न हो का विशेष ध्यान रखा जाएगा।

पुलिस प्रशासन और नगर परिषद से आम जनता को यही उम्मीद है इस अवसर पर सभी पत्रकार एवं पार्षद भाजपा नेता उपस्थित रहे।

बैठक एसडीओपी सुश्री रूपरेखा यादव, तहसीलदार हुकमसिंह निगवाल एवं नगर परिषद अध्यक्ष सुश्री दीपमाला नलवाया के मुख्य आतिथ्य में तथा टीआई दिनेश रावत की अध्यक्षता में संपन्न हुई।

# कुकड़ेश्वर में महाशिवरात्री पर्व पर दस दिवसीय मेले का आयोजन

## झूला चकरी की फिटनेस को लेकर आश्वस्त है व्यापारी, कोई घटना न हो उसके लिए सतर्कता भी बरतेंगे

(राजू पटेल)

कुकड़ेश्वर। महाशिवरात्री मेला में बाहर से आए झूला चकरी के व्यापारियों ने कहा है कि हम तीसरी चौथी पीढ़ी से भोलेनाथ के महाशिवरात्रि महापर्व के मेले में आ रहे हैं। नगर एवं आसपास के क्षेत्र के लोगों का एवं बच्चों का भरपूर मनोरंजन हम करते हैं। झूले चकरी के सभी व्यापारियों के प्रतिनिधि के रूप में बहादुर भाई ने कहा है यहां कुकड़ेश्वर तहसील टप्पा के नायब तहसीलदार नवीन सलोत्रा भी मौके पर पहुंचे थे। नगर परिषद के सीएमओ कमल सिंह परमार ने भी हमें पारदर्शिता को लेकर बताया है। पत्रकार पटेल ने झूला चकरी के व्यापारियों से मेले प्रांगण में पहुंचकर उससे बात की तो उन्होंने बताया है कि झूले चकरी टूटने की जो घटना झाबुआ एवं कुंड में हुए उसके व्यापारी अलग है और हम व्यापारी अलग है। हमारे यहां हम पीढ़ी दर पीढ़ी से आ रहे हैं। यहां भोलेनाथ की कृपा रहती है और यहां 15 साल पुराने श्री सहस्त्र मुकेश्वर भोलेनाथ साक्षात विराजित है। हम इनके आश्रय आते हैं और इन्हीं का हमें हमेशा पूरा आशीर्वाद प्राप्त होता है और तालाब में पानी को लेकर बताया कि गत वर्ष तालाब में पानी आगे तक ज्यादा था इस बार तालाब में कम पानी है पहले की तुलना में ईस वर्ष वर्षा कम होने से पानी भी कम है। नगर के नगर पटेल राजेंद्र पटेल ने नगर वासियों एवं क्षेत्र वासियों से और भोलेनाथ के सभी श्रद्धालुओं से अपील की है कि प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष अभी भगवान भोलेनाथ के प्रांगण में नगर परिषद द्वारा 10 दिवसीय मेले का आयोजन किया जाता है उस आयोजन में आप सभी लोग बढ़-चढ़कर भाग ले एवं मेले की शोभा बढ़ाएं। न.प. अध्यक्ष श्रीमती उर्मिला महेन्द्र पटवा ने बताया कि बाहर से जितने भी व्यापारी मेले में व्यापार करने पहुंचते हैं उनसे अपील की है कि आप सभी ज्यादा से ज्यादा संख्या में मेले में अपना व्यवसाय करने पधारे एवं मेले की शोभा बढ़ावे। न पा उपाध्यक्ष श्रीमती







सोनाली उज्जवल पटवा ने बताया कि यहां पर परंपरा अनुसार मेला लगाया जाता है और मेले में परिषद के अलावा नगर वासियों का भरपूर सहयोग प्राप्त होता हैं। मेला समिति अध्यक्ष श्रीमती कौशल्याबाई लीलाधर (काजु) मोदी, ने नगर वासियों से एवं क्षेत्रवासियों से अपील की है कि मैं पहली बार मेला समिति अध्यक्ष बनी हूं तो मेरे कार्यकाल में आप सब मिलकर मेले को भव्य बनावे ऐसी अपील की महाशिवरात्री पर्व पर दस दिवसीय भव्य मेले का आयोजन दिनांक 15 फरवरी 2026 से 24 फरवरी 2026 तक किये जाने का निर्णय लिया गया। उक्त जानकारी कमलसिंह परमार मुख्य नगरपालिका अधिकारी ने देते हुये बताया कि महाशिवरात्री मेले हेतु प्लाटो का आवंटन दिनांक 10 एवं 11 फरवरी को मेला परिसर में किया जावेगा। इच्छुक व्यापारी नियत दिनांक को उपस्थित रहकर प्लाट आवंटन प्राप्त करे। मेले में संस्कृति विभाग म.प्र. शासन द्वारा आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जावेगा।

# कांग्रेस प्रदेश महासचिव अपनों के हाथों जलील हुए, आंसू निकल पड़े.....नाम हो कांग्रेस का, काम करे भाजपा......जिद करने का साहस नहीं दिखा पाए सज्जन सिंह वर्मा.....बस हौंसले पहाड़ों से....

## कांग्रेस की राजनैतिक हल-चल पर अलग हट कर, संघर्ष से सिद्धि की विशेष पेशकश......संजय जैन-सह संपादक की कलम से......भाजपा के माफी-वीरो पर....कल पढ़िए विशेष खबर...............

## कांग्रेस प्रदेश महासचिव अपनों के हाथों जलील हुए, आंसू निकल पड़े.......



मनीष गुप्ता-कांग्रेस प्रदेश महासचिव


झाबुआ/इंदौर (संजय जैन-सह संपादक)। जब रीवा में कांग्रेस के प्रदेश महासचिव मनीष गुप्ता को लोगों ने बच्चों की तरह बिलखते हुए देखा तो आश्चर्य करने लगे। वजह थी भी ऐसी कि मनीष हर साल की तरह इस बार भी महाशिवरात्रि पर शिव बारात का आयोजन कर रहे हैं। इसके शहरभर में इसके बैनर-पोस्टर लगाए थे,किंतु नगर निगम ने यह कहकर हटवा दिया कि इसकी अनुमति नहीं ली गई हैं। मजेदार बात तो यह है कि भाजपा नेताओं की शह पर यदि यह कार्रवाई हुई होती तो समझ में भी आता,लेकिन रीवा नगर निगम में तो कांग्रेस की ही नगर सरकार है। इसके बाद महापौर ने तो माफी मांग ली,लेकिन तब तक तो यह मामला कांग्रेस की पूरी तरह किरकिरी करा चुका था।

संजय जैन (सह-संपादक)
942510-1357 883910-7012
गिद्ध दृष्टि

## जिद करने का साहस नहीं दिखा पाए सज्जन वर्मा.......



सज्जन सिंह वर्मा-कांग्रेस पूर्व मंत्री लोक निर्माण



डॉ.मोहन यादव-एलिवेटेड कॉरिडोर

पहले पंद्रह महीने की कमलनाथ सरकार ने निर्णय तो ले लिया था,लेकिन जनहित के निर्णयों में अनावश्यक देरी का ही नतीजा रहा कि एलिवेटेड कॉरिडोर का काम घोषणा से आगे बढ़ ही नहीं पाया था। पूर्व मंत्री सज्जन वर्मा इस मामले में समय-समय पर बयानों की गेंदबाजी करते रहते हैं, लेकिन उनकी बॉलिंग को नो-बॉल में बदलने का हुनर मंत्री कैलाश विजयवर्गीय तो अच्छी तरह से जानते ही हैं। डॉ.मोहन यादव सरकार अब इंदौर को 300 करोड़ वाले एलिवेटेड कॉरिडोर की जो सौगात देने वाली है,इसका काम यदि कमलनाथ सरकार के वक्त शुरु हो जाता तो 180 करोड़ में तैयार होने के साथ-साथ अब तक तो ट्रैफिक के भारी दबाव से भी राहत मिल गई होती। तब यह एलिवेटेड कॉरिडोर बन जाता तो इस ढाई साल की अवधि में जो फ्लाईओवर बने हैं,उनकी जरूरत भी नहीं रहती और न ही इनके निर्माण पर इतना अधिक खर्च भी होता। पहले कमलनाथ सरकार के खाते में जाने वाला श्रेय जाहिर है,अब यादव सरकार को ही मिलेगा।



कैलाश विजयवर्गीय-मंत्री

आपको बता दे कि कमलनाथ सरकार के वक्त इंदौर और उज्जैन में रोप-वे की भी घोषणा हुई थी, तब के लोक निर्माण मंत्री सज्जन वर्मा इस मामले में भी घोषणा वीर ही साबित हुए। कहने को तो वे कमलनाथ के विश्वस्त कहे जाते हैं, लेकिन जरा जिद्दी भी होते तो रोप-वे का काम शुरु जरूर करवा देते।

## बस हौंसले पहाड़ों से....



अलका लांबा
राष्ट्रीय अध्यक्ष महिला कांग्रेस

महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका लांबा की बाते सुनकर तो ऐसा लगता है कि संगठन को सही-साट लीडर मिला है,लेकिन जमीनी हकीकत देखने पर पता चलता है कि इस राष्ट्रीय संगठन की सदस्य संख्या तो मात्र 6 लाख ही है। खुद लांबा भी यह मानती हैं कि महिलाओं की संख्या बढ़ाने का अभियान चलाना होगा, लेकिन उन्हें तो भाजपा महिला मोर्चा से समझना होगा कि सदस्य संख्या कैसे बढ़ाते हैं.....? राष्ट्रीय स्तर पर ये हाल है तो मप्र महिला कांग्रेस के संबंध में चिंतन करना तो काफी बेमानी है,ऐसा हमारा मानना है।

## नाम हो कांग्रेस का, काम करे भाजपा......



प्रीतम लोधी-भाजपा विधायक

पिछले दिनों पिछोर क्षेत्र-शिवपुरी में आयोजित एक कार्यक्रम में महिला हितग्राही ने शासन की योजना का लाभ तो लिया, लेकिन उसका श्रेय कांग्रेस को दे दिया था। मंच पर अतिथि भाजपा विधायक प्रीतम लोधी भी हैरान रह गए थे। आपको बता दे कि महिला के पास खड़े एक व्यक्ति ने जब उसे समझाया कि लाभ भाजपा की वजह से मिलने की बात वह कहे। मजेदार बात तो यह है कि उसे समझाने के बाद भी, महिला ने भाजपा की जगह भादवा पार्टी कह दिया। उसकी इस अज्ञानता या मासूमियत ही कहे, पर हैरान विधायक प्रीतम लोधी भी बाकी लोगों के साथ हंस पड़े थे।

(कल पढ़िए विशेष खबर....भाजपा के माफी-वीरो पर....)

## सम्पादकीय.......

# वीडियो पर बवाल

ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन के प्रमुख और हैदराबाद से सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा के खिलाफ हैदराबाद पुलिस में औपचारिक शिकायत दर्ज कराई है। यह शिकायत एक कथित वीडियो को लेकर की गई है, जिसे भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के असम इकाई के आधिकारिक सोशल मीडिया अकाउंट से पोस्ट किया गया था। ओवैसी का आरोप है कि वीडियो में मुख्यमंत्री सरमा को मुस्लिम व्यक्तियों पर गोली चलाते हुए दर्शाया गया था, जो न केवल आपत्तिजनक है बल्कि दो समुदायों के बीच वैमनस्य बढ़ाने वाला भी है। विवाद बढ़ने के बाद वीडियो को संबंधित सोशल मीडिया पोस्ट से हटा लिया गया, लेकिन ओवैसी का कहना है कि वह अभी भी अन्य प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध है। ओवैसी ने हैदराबाद के पुलिस आयुक्त वी.सी. सज्जनार को संबोधित करते हुए यह शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री सरमा ने जानबूझकर और दुर्भावनापूर्ण तरीके से मुस्लिम समुदाय की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाई है। शिकायत में कहा गया है कि इस तरह की सामग्री न केवल धार्मिक भावनाओं को आहत करती है, बल्कि देश की एकता और सांप्रदायिक सद्भाव के लिए भी खतरा पैदा करती है। ओवैसी ने पुलिस से मांग की है कि इस मामले में तत्काल आपराधिक कार्रवाई की जाए। ओवैसी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' (पूर्व में ट्विटर) पर भी इस मुद्दे को उठाया। उन्होंने अपने पोस्ट में लिखा कि उन्होंने पुलिस कमिश्नर के समक्ष शिकायत दर्ज कराई है और मुख्यमंत्री सरमा के खिलाफ उनके (अब हटाए जा चुके) कथित हिंसक वीडियो के लिए आपराधिक कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने कहा, दुर्भाग्य से, नरसंहार वाली हेट स्पीच एक आम बात हो गई है। अपने पत्र में ओवैसी ने यह भी आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री सरमा पिछले कई वर्षों से सोशल मीडिया, प्रिंट मीडिया, सार्वजनिक भाषणों और अन्य मंचों के माध्यम से मुस्लिम समुदाय के खिलाफ बयान देते रहे हैं। उनके अनुसार, ऐसे कई भाषण अभी भी सार्वजनिक डोमेन में उपलब्ध हैं। शिकायत पत्र में ओवैसी ने लिखा है कि हाल के महीनों में मुख्यमंत्री सरमा ने अपने भाषणों और बयानों की तीव्रता बढ़ा दी है।

उन्होंने आरोप लगाया कि इन बयानों का स्पष्ट उद्देश्य मुस्लिम समुदाय की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाना और हिंदू-मुस्लिम समुदायों के बीच दुश्मनी को बढ़ावा देना है।

पत्र में कहा गया है कि इस प्रकार के बयान और दृश्य सामग्री सांप्रदायिक तनाव को बढ़ावा दे सकते हैं और देश की एकता के लिए हानिकारक हो सकते हैं। ओवैसी के अनुसार, वीडियो में इस्तेमाल की गई भाषा और दृश्य संकेत जैसे पॉइंट ब्लैंक शूट और नो मर्सी जैसे कथित वाक्यांश जानबूझकर उकसावे की भावना से उपयोग किए गए हैं। उन्होंने इसे धार्मिक समुदायों के बीच नफरत और हिंसा को बढ़ावा देने वाला बताया।

# नीमच के सीआरपीएफ से लापता जवान नंदकिशोर प्रजापत का कंकाल झाड़ियों में मिला

## 2 माह से लापता था जवान प्रशासनिक अधिकारियों में मचा हड़कम्प, पुलिस को पोस्टमार्टम और फॉरेंसिक रिपोर्ट का इंतजार

**नीमच। सीआरपीएफ परिसर में झाड़ियों के बीच मिले मानव कंकाल**



**की पहचान लापता सीआरपीएफ जवान नंदकिशोर प्रजापत के रूप में हुई है। प्रारंभिक जांच के बाद अंगूठी, मोबाइल फोन और कपड़ों के आधार पर पहचान की पुष्टि की गई है। मामले में विस्तृत पोस्टमार्टम एवं फॉरेंसिक जांच के लिए शव को मंदसौर भेजा गया है।**

जानकारी के अनुसार रविवार को सीआरपीएफ परिसर में सफाई कार्य के दौरान जवानों की नजर झाड़ियों में पड़े कंका। इसकी सूचना मिलते ही कैंट थाना पुलिस और सीआरपीएफ के वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया। कंकाल को कब्जे में लेकर जिला अस्पताल नीमच भिजवाया गया था।

जांच में कंकाल की पहचान नंदकिशोर पिता अमरचंद प्रजापत (उम्र 44 वर्ष) निवासी ग्राम भीम, जिला राजसमंद (राजस्थान) के रूप में हुई है। नंदकिशोर वर्तमान में सीआरपीएफ कैंप नीमच में पदस्थ थे और 27 दिसंबर 2025 से लापता थे। उनकी गुमशुदगी की रिपोर्ट कैंट थाना नीमच में दर्ज कराई गई थी। सूत्रों के अनुसार मृत्यु के कारणों और परिस्थितियों की स्पष्ट जानकारी के लिए शव को विस्तृत पोस्टमार्टम एवं अन्य



वैज्ञानिक परीक्षणों हेतु मंदसौर भेजा गया है। इस दौरान परिजन, जांच अधिकारी, चिकित्सकीय टीम और सीआरपीएफ के अधिकारी भी साथ रवाना हुए। पोस्टमार्टम एवं फॉरेंसिक रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का खुलासा हो सकेगा। पुलिस ने मामले की हर पहलू से जांच किए जाने की बात कही है।

# कौन जिम्मेदार है हमारे बच्चों के भविष्य का?

## फेयरवेल के नाम पर फूहड़ता-डॉ. करुणेश रघुवंशी

(विशाल बाबा नामदेव)

**बाग।** नगर के अनेको राष्ट्रीय पुरुस्कार प्राप्त शिक्षाविद, प्रेरक वक्ता, पेरेंटिंग कोच, कवि, लेखक, सामाजिक चिंतक, निदेशक डॉ. करुणेश सुनीता रघुवंशी ने चर्चा मे अपने विचार व्यक्त किया।



कक्षा 12 के बाद का फेयरवेल कभी संस्कार, संवेदना और आत्ममंथन का प्रतीक हुआ करता था। यह वह क्षण था जब विद्यार्थी अपने विद्यालय, शिक्षकों और अनुशासन को नमन कर जीवन की अगली यात्रा के लिए तैयार होते थे। लेकिन आज वही फेयरवेल एक ऐसी विकृत संस्कृति में बदल चुका है, जो न केवल शिक्षा व्यवस्था पर प्रश्नचिह्न लगाती है, बल्कि पूरे समाज की चेतना को झकझोर देने वाली है। आज का फेयरवेल भावनाओं का नहीं, दिखावे और उन्माद का उत्सव बन गया है। तेज डी जे, सड़कों पर खुली गाड़ियाँ, उन्मुक्त और अशोभनीय नृत्य, सोशल मीडिया पर वायरल होने की होड़ यह सब किसी परिपक्व नागरिक के नहीं, बल्कि दिशाहीन और अपरिपक्व मानसिकता के लक्षण हैं।

यह वही उम्र है जहाँ बच्चों को जीवन के लक्ष्य, संघर्ष, अनुशासन और आत्मसंयम की शिक्षा की सबसे अधिक आवश्यकता होती है, लेकिन हम उन्हें उत्तेजना, शोर और भ्रम परोस रहे हैं। सबसे अधिक पीड़ा इस बात की है कि इस पतन को रोकने वाले स्तंभ विद्यालय और अभिभावक खुद इस प्रवृत्ति के सहभागी बनते जा रहे हैं। विद्यालय, जो कभी चरित्र निर्माण के मंदिर थे, आज कई जगह स्टूडेंट सैटिस्फैक्शन के नाम पर एक व्यवसायिक मॉडल बन चुके हैं। बच्चों को खुश रखने के लिए नियमों को तोड़ा जा रहा है, मर्यादा को ढीला किया जा रहा है और भविष्य की चिंता को दरकिनार किया जा रहा है।

# लोकल यूथ सर्वेयरों ने मुख्यमंत्री व भू-आयुक्त के नाम तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन



**राजेश लोधी (गोलू)**

**अशोकनगर। लोकल यूथ महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष के निर्देशन में तथा जिला अध्यक्ष विवेक यादव के मार्गदर्शन में तहसील अध्यक्ष धनपाल यादव के नेतृत्व में सोमवार को मुंगावली तहसील कार्यालय में तहसीलदार सोनम शर्मा को मुख्यमंत्री एवं भू-आयुक्त ग्वालियर के नाम ज्ञापन सौंपा गया।**

ज्ञापन में लोकल यूथ सर्वेयरों से जुड़ी विभिन्न समस्याओं को उठाते हुए मांगें शीघ्र पूरी करने की अपील की गई, साथ ही चेतावनी दी गई कि मांगें पूरी नहीं होने पर बड़ी संख्या में धरना-प्रदर्शन किया जाएगा।

ज्ञापन के माध्यम से बताया गया कि लोकल यूथ सर्वेयर राजस्व विभाग के महत्वपूर्ण कार्यों का आधार स्तंभ हैं।

किसान फसल गिरदावरी, फार्मर आईडी, किसान भूमि की केवाईसी जैसे कार्यों के साथ-साथ स्ढ़क्रकार्य में भी सर्वेयरों द्वारा सहयोग किया गया है। सर्वेयरों को अपनी हल्का क्षेत्र में 0 मीटर पर खेत में जाकर फसल सर्वे करना होता है, जहां उन्हें कई कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। गांव से जंगल की ओर स्थित खेतों में फसल सर्वे के दौरान जंगली जानवरों के हमले का भय बना रहता है। कई स्थानों पर तार फेसिंग व झटका मशीन के कारण सर्वेयर 0 मीटर तक नहीं पहुंच पाते। इसके अलावा कुछ मामलों में कृषकों द्वारा अपमानजनक शब्दों का प्रयोग किए जाने से सर्वेयरों को मानसिक परेशानी होती है।

आए दिन हो रहे ऐसे व्यवहार से सर्वेयर असुरक्षा और भ्रम की स्थिति में काम करने को मजबूर हैं। ज्ञापन में मांग की गई कि शासन द्वारा सर्वेयरों के लिए पहचान पत्र (आईडी कार्ड) जारी किए जाएं, खरीफ फसल 2025 की शेष गिरदावरी राशि का भुगतान किया जाए, फसल गिरदावरी कार्य के दौरान प्रत्येक सर्वेयर का हेल्थ बीमा किया जाए तथा सुरक्षा की दृष्टि से आवश्यक सुरक्षा किट उपलब्ध कराई जाए।

इस अवसर पर संघ के मीडिया प्रभारी जयेंद्र यादव, संगठन मंत्री रोहित यादव सहित सौरभ यादव, सुखवीर लोधी, राजाबाबू सेन, विनोद लोधी, सत्यम प्रजापति, नरेंद्र केवट, गोलू अहिरवार, रूपेश जादौन, रितिन लोधी, बलवीर आदिवासी, रामकृष्ण राजपूत, रविंद्र, शुभम, सुरेश यादव, पप्पू यादव, कुंवरलाल, धर्मेंद्र सिंह, हंसराज लोधी, शिवम, राहुल यादव, प्रदीप, शिवेंद्र दांगी, राजेश, अभिषेक, हरेंद्र, घाशीराम, मदन सहित बड़ी संख्या में सर्वेयर उपस्थित रहे।

# MP Board E&am 2026-10वीं और 12वीं की परीक्षा कल से होगी शुरू, परीक्षार्थियों के लिए आया एक बड़ा अलर्ट

**भोपाल। मध्य प्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षाएं 10 फरवरी से शुरू होने जा रही हैं। परीक्षा को निष्पक्ष, पारदर्शी और नकलमुक्त बनाने के लिए मंडल ने इस बार कड़े दिशा-निर्देश जारी किए हैं।**

मंडल ने स्पष्ट किया है कि परीक्षा शुरू होने के बाद पहले दो घंटे तक किसी भी परीक्षार्थी को परीक्षा केंद्र से बाहर जाने की अनुमति नहीं दी जाएगी। मंडल के अधिकारियों के अनुसार प्रश्नपत्र के लीक होने और नकल की घटनाओं को रोकने के लिए यह व्यवस्था लागू की गई है। यदि कोई परीक्षार्थी किसी भी कारण से दो घंटे के भीतर परीक्षा (MP Board E&am) केंद्र से बाहर जाने का प्रयास करता है, तो उसे अनुमति नहीं दी जाएगी। वहीं यदि परीक्षार्थी दो घंटे पूरे होने के बाद भी परीक्षा केंद्र छोड़ता है, तो उसकी जानकारी तत्काल मंडल को भेजी जाएगी। इस स्थिति में संबंधित छात्र की उत्तरपुस्तिका के साथ प्रश्नपत्र भी जमा करा लिया जाएगा और उसकी परीक्षा निरस्त कर दी जाएगी। बता दें, कि मप्र बोर्ड 10वीं व 12वीं की परीक्षा में करीब 17 लाख विद्यार्थी शामिल होंगे।




### अनुचित सामग्री मिलने पर नकल प्रकरण दर्ज होगा

माशिमं ने यह भी निर्देश जारी किए हैं कि परीक्षा कक्ष के भीतर किसी भी प्रकार की अनुचित सामग्री जैसे मोबाइल फोन, इलेक्ट्रानिक उपकरण, पर्ची या अन्य संदिग्ध सामग्री पाए जाने पर संबंधित परीक्षार्थी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। ऐसे मामलों में परीक्षार्थी की परीक्षा निरस्त करने के साथ-साथ नकल प्रकरण दर्ज किया जाएगा।

मंडल ने विद्यार्थियों से अपील की है कि वे परीक्षा केंद्र पर निर्धारित समय से पहले पहुंचें और सभी नियमों का पालन करें। विद्यार्थियों को केवल अनुमत सामग्री जैसे प्रवेश पत्र, आवश्यक लेखन सामग्री आदि ही साथ लाने की अनुमति होगी। परीक्षा के दौरान अनुशासन बनाए रखना सभी परीक्षार्थियों की जिम्मेदारी होगी।

### सीसीटीवी से होगी निगरानी

परीक्षा के सुचारु संचालन के लिए प्रदेशभर के परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा व्यवस्था मजबूत की गई है। प्रदेश के 206 संवेदनशील व अति संवेदनशील केंद्रों पर सीसीटीवी लगाए गए हैं। वहीं 700 से अधिक केंद्रों पर जैमर लगाए गए हैं। साथ ही उड़नदस्ता दल की तैनाती और केंद्राध्यक्षों को विशेष निर्देश दिए गए हैं। परीक्षार्थियों की पहचान और प्रवेश प्रक्रिया को भी सख्ती से लागू किया जाएगा, ताकि किसी भी प्रकार की गड़बड़ी की संभावना को रोका जा सके।

# सावा में अधूरे पड़े विकास कार्यों को पुनः चालू करवाने के लिए पूर्व राज्यमंत्री जाड़ावत के नेतृत्व में ज्ञापन सौंपा

**(ओम जैन शंभूपुरा)**

**शंभूपुरा। पूर्व राज्यमंत्री सुरेंद्रसिंह जाड़ावत के नेतृत्व एवं ग्राम पंचायत सावा के बैनर तले ग्रामीणों ने जिला कलेक्टर चित्तौड़गढ़ के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा है कि ग्राम पंचायत सावा में अधूरे पड़े विकास कार्यों को पुनः चालू करवाने के लिए।**




उन्होंने कहा कि पूर्ववर्ती अशोक गहलोत सरकार में चित्तौड़गढ़ में पूर्व राज्यमंत्री सुरेन्द्र सिंह जाड़ावत ने जो कार्य स्वीकृत करवाए गए थे जो वर्तमान में किसी कारणवश अधूरे रह गए हैं, जिससे ग्रामवासियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है उपतहसील सावा, जिसमें कर्मचारियों के पद स्वीकृत हो चुके हैं, लेकिन अभी तक कोई कार्य प्रारम्भ नहीं हुआ है, उसे शीघ्र चालू करवाने, आईटीआई सावा की बिल्डिंग बनकर तैयार है, लेकिन अभी तक संबंधित विभाग को हैंडओवर नहीं की गई है, वर्तमान में आईटीआई की कक्षाएं चित्तौड़गढ़ राजकीय आईटीआई में संचालित हो रही हैं। अतः आईटीआई बिल्डिंग विभाग को हैंडओवर कराकर कक्षाएं सावा में ही प्रारम्भ करवाने, सावा से मीणों का कंथारिया रोड का कार्य, जो मीणों का कंथारिया से पहले ही रोक दिया गया है, उसे पुनः चालू करवाने। अतिवृष्टि से जो किसानो को नुकसान हुआ है उसका मुवावजा दिलाया जाये उक्त कार्यों के अधूरे रहने से आम जनता को सुविधाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है तथा ग्राम विकास कार्य प्रभावित हो रहा है। ज्ञापन में ब्लॉक अध्यक्ष विक्रम जाट, सरपंच कन्हैया लाल मेघवाल, एससी विभाग जिला अध्यक्ष राकेश गारू , रघुवीर सिंह, किशन जोशी, अकरम हुसैन, अवदेश नवाल, कालु लाल मेघवाल, मोहन पूर्बिया, अमजद शेख, श्याम लाल सुखवाल, निजाम शेख, मंजूर शेख, अक्कल शेर, गुड्डु खान, रामचंद्र मीणा, दीपक जोशी, हीरालाल पूर्बिया, पप्पू पूर्बिया सहित अन्य ग्रामीणजन मौजूद रहे।

# बडौद में मामूली बात में देखते ही देखते उग्र रूप ले लिया, दो पक्षों के बीच कहासुनी बदली मारपीट और दुकानों में तोड़फोड़ तक

**आगर मालवा।** जिले के बड़ौद नगर में सोमवार सुबह एक मामूली बात ने देखते ही देखते उग्र रूप ले लिया। बैंक ऑफ इंडिया के समीप स्थित एक दुकान के बाहर घूरने की बात को लेकर सुबह करीब 11 बजे दो पक्षों के बीच कहासुनी शुरू हुई, जो कुछ ही देर में मारपीट और दुकानों में तोड़फोड़ तक पहुँच गई। घटना के बाद क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई और बाजार का माहौल तनावपूर्ण हो गया। सूचना मिलते ही बड़ौद थाना पुलिस के साथ सीएसपी मोतीलाल कुशवाह पुलिस बल सहित तत्काल मौके पर पहुँचे और स्थिति को नियंत्रित किया। पुलिस ने दोनों पक्षों को अलग-अलग कर हालात संभालने का प्रयास किया, लेकिन घटना




से नाराज हिंदू पक्ष के लोग बड़ी संख्या में बड़ौद थाने पहुँच गए और थाने का घेराव कर दिया। प्रदर्शन कर रहे लोगों ने वर्ग विशेष के आरोपियों की गिरफ्तारी, उनका जुलूस निकाले जाने तथा उनके घरों पर बुलडोजर कार्रवाई की मांग को लेकर कड़ा रुख अपनाया। थाने के बाहर नारेबाजी और विरोध प्रदर्शन के चलते माहौल काफी तनावपूर्ण हो गया। करीब तीन घंटे तक हिंदू संगठनों के प्रतिनिधियों और पुलिस अधिकारियों के बीच लगातार बातचीत का दौर चलता रहा।

# रात भर की मेहनत के बाद एक साल की बच्ची को उसकी मां से मिलाया

**राजेश लोधी (गोलू) मो. 8358891367**

**अशोकनगर।** पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा के निर्देशन में जिले में नागरिकों की सुरक्षा एवं सहायता को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए अशोकनगर पुलिस द्वारा निरंतर तत्पर एवं संवेदनशील कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा के निर्देशन में, अति. पुलिस अधीक्षक गजेन्द्र सिंह कँवर एवं एसडीओपी विवेक शर्मा के मार्गदर्शन में थाना कोतवाली द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुये एक वर्षीय बच्ची को सकुशल दस्तयाव कर मां से मिलाया। उल्लेखनीय है कि रविबार एवं सोमबार की रात्री में आवेदिका रजनी आदिवासी पत्नी संतोष यादव आयु 24 साल निवासी शंकरपुर मगरदा ने उसके एक साल से अलग रह रहे शराबी पति संतोष यादव द्वारा उसकी एक साल की बच्ची को शराब के नशे में छीनकर ले जाने के संबंध में रिपोर्ट की थी।

पति संतोष यादव अति शराब के नशे में होने से तथा अकेले ही मोटरसाइकिल से लेकर भाग जाने तथा बच्ची के साथ कोई दुर्घटना होने की आशंका को ध्यान में रखते हुए।

मामले की गंभीरता एवं संवेदनशीलता को दृष्टीगत रखते हुए पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा द्वारा थाना प्रभारी कोतवाली निरी. रविप्रताप चौहान को त्वरित कार्यवाही हेतू निर्देशित किया गया।

थाना प्रभारी कोतवाली रविप्रताप चौहान द्वारा टीम गठित कर उनि आशुतोष गुप्ता एवं रात्रि में कस्बा गश्त में लगे बल को उक्त बच्ची की पतारसी हेतू देहात थाना क्षेत्रांतर्गत ग्राम गुचराई, बृन्दावन



धाम कालोनी, कोलूआ रोड, कस्बे के रेन बसेरा, बस स्टेण्ड, स्टेशन आदि स्थानों पर तलाश किया गया।

कडी मशक्कद के बाद रात करीब चार बजे बच्ची को ड्रीम सिटी कालोनी में मय उसके पिता के दस्तयाव किया गया तो पता चला कि उक्त बच्ची का पिता संतोष यादव अत्यधिक नशे में था। पश्चात एक साल की बच्ची को उसकी मां रजनी आदिवासी से मिलाया गया।

अपनी बालिका को सकुशल पाकर परिजनों द्वारा अशोकनगर पुलिस, तत्परता, मानवीयता, संवेदनशीलता एवं सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया गया। उपरोक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक रविप्रताप सिंह चौहान, उनि आशुतोष गुप्ता, सउनि उदयभान सिंह चौहान, सउनि वाजिद बेग (थाना देहात), प्रआर हेमराज शर्मा (थाना देहात), आर राजू रघुवंशी, आर सूरज तामरे, आर. निशांत छारी की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# पेंशनर सम्मान समारोह का आयोजन

**(पंकज गोस्वामी)**

**राणापुर। प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन मध्यप्रदेश तहसील शाखा रानापुर का पेंशनर्स सम्मान समारोह आयोजित किया गया जिसमें बड़ी संख्या में पेंशनर्स साथी उपस्थित रहे।**

सबसे पहले मां सरस्वती जी कि पुजा कर दीप प्रज्वलित किया एवं सरस्वती वंदना की गई स्टेट बैंक ऑफ इंडिया शाखा रानापुर के शाखा प्रबंधक मुख्य अतिथि थे,



कार्यक्रम कि अध्यक्षता प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन मध्यप्रदेश जिला समिति झाबुआ के अध्यक्ष ललित त्रिवेदी ने की।

प्रांतीय सचिव एवं तहसील शाखा रानापुर के मांगीलाल दुर्गेश्वर ने स्वागत भाषण दिया, कार्यकारी अध्यक्ष जानकी लाल सकलेचा ने आय व्यय का ब्योरा रखा।

कार्यक्रम में 75 वर्ष पूरे कर चुके पेंशनर्स साथीयों का सम्मान शाल, श्रीफल एवं मोमेंटो भेंट कर किया गया। नवीन सदस्यों को दुपट्टा पहना कर एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह में पेटलावद, थांदला, मेघनगर,जोबट शाखाओं के अध्यक्षों ने भी भाग लिया एवं पेंशनर्स कि समस्याओं और मांगों पर चर्चा की।

जिला समिति झाबुआ से अध्यक्ष ललित त्रिवेदी के साथ राजेन्द्र जोशी सचिव, पीड़ी रायपुरिया कोषाध्यक्ष, एवं कार्यकारिणी सदस्य यशवंत त्रिवेदी एवं अशोक चौहान ने भाग लिया।

श्री रायपुरिया ने अपनी ओजस्वी वाणी में कविता सुनाई कार्यक्रम का संचालन जगमोहन सिंह राठौर तहसील अध्यक्ष थांदला ने किया अंत सभी का आभार एन.एल.पोरवाल ने व्यक्त किया और सभी से सुरुचि भोज करने के आग्रह के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ।

### नीमच पुलिस महकमे में हड़कंप


# भ्रष्टाचार और प्रताड़ना से तंग हेड कॉन्स्टेबल ने जहर खाकर दी जान

**नीमच। नीमच की कनावटी पुलिस लाइन में पदस्थ 50 वर्षीय हेड कॉन्स्टेबल होशियार सिंह यादव (अहीर) ने विभाग के आला अधिकारियों पर प्रताड़ना और भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाते हुए जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या कर ली।**

मौत से पहले लिखे 4 पत्रों के सुसाइड नोट में उन्होंने रक्षित निरीक्षक विक्रम सिंह भदौरिया और हेड कॉन्स्टेबल प्रणव तिवारी पर सीधा निशाना साधते हुए। खुलासा किया कि पुलिस लाइन में ड्यूटी लगाने और रोजनामा लिखने के नाम पर 5 से 10 हजार रुपये की अवैध वसूली की जा रही है।

होशियार सिंह ने नोट में अपना दर्द व्यक्त करते हुए लिखा कि विभाग में ईमानदार आदमी का नौकरी करना





मुश्किल हो गया है और भ्रष्टाचार का विरोध करने पर बड़े अधिकारियों के नाम का डर दिखाकर प्रताड़ित किया जाता है।

रविवार दोपहर जहर खाने के बाद वे खुद चलकर कंट्रोल रूम पहुंचे थे, जहां से उन्हें अस्पताल ले जाया गया, लेकिन इलाज के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया। इस घटना और सोशल मीडिया पर वायरल हुए सुसाइड नोट ने पुलिस प्रशासन की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। मृतक के तीन पुत्रियां एक पुत्र होकर परिजन में प्रताड़ना के आरोप लगाते हुए जांच की मांग की वही पुत्री अर्पिता यादव ने आरोप लगाया कि उनके पिता के अंतिम दर्शन नहीं करने दिया ओर उनको रवाना किया यह व्यवहार अमर्यादित अमानवीय होकर हमारे साथ अच्छा व्यवहार नहीं किया न कोई पूछने आया।इस मामले की जांच की जाकर दोषियों पर कार्यवाही होनी चाहिए।

# खनिज विभाग की बड़ी कार्रवाई-अवैध परिवहन में बिना नंबर ट्रैक्टर व ओवरलोड डंपर जब्त

**दमोह। कलेक्टर श्री सुधीर कुमार कोचर के निर्देशन में जिले में खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण के विरुद्ध खनिज विभाग की कार्रवाई लगातार जारी है। इसी क्रम में 07 फरवरी को खनिज अमले द्वारा अलग-अलग स्थानों पर कार्रवाई करते हुए अवैध परिवहन में संलिप्त वाहनों को जब्त किया गया।**

जानकारी के अनुसार, दोपहर लगभग 1.30 बजे पटेरा तहसील अंतर्गत ग्राम कुण्डलपुर में खनिज विभाग द्वारा जांच के दौरान बिना नंबर का महिन्द्रा ट्रैक्टर बिना रॉयल्टी रेत का अवैध परिवहन करते हुए पाया गया। ट्रैक्टर को जब्त कर पुलिस थाना पटेरा में सुरक्षार्थ सुपुर्द किया गया है।

वहीं, उसी दिन रात्रि लगभग 11 बजे समन्ना रोड न्यू दमोह क्षेत्र में भ्रमण के दौरान मुरम का ओवरलोड परिवहन करते हुए एक डंपर को पकड़ा गया। डंपर को जब्त कर थाना कोतवाली दमोह में सुरक्षार्थ खड़ा कराया गया है।

खनिज अधिकारी ने बताया कि उक्त दोनों प्रकरणों में गौण खनिज नियमों के तहत विधिसम्मत कार्रवाई प्रस्तावित की जा रही है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जिले में खनिज के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण पर रोक लगाने के





लिए ऐसी कार्रवाई आगे भी सतत रूप से जारी रहेगी।

# विद्यार्थियों को बिना तनाव के परीक्षा देना चाहिये-राज्यमंत्री लखन पटैल

**दमोह। प्रदेश के पशुपालन एवं डेयरी विभाग राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) लखन पटैल ने आज उत्कृष्ट विद्यालय के विद्यार्थियों के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की मंशानुसार शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय दमोह के कृषि प्रक्षेत्र में विद्यार्थियों के साथ परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम में शामिल हुये।**

उन्होंने परीक्षा पे चर्चा, युवाओं के लिए तनाव मुक्त माहौल तैयार करने की दिशा विद्यार्थियों को सुझाव दिये। यह कार्यक्रम प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में बड़ी पहल एग्जाम वॉरियर्स का हिस्सा है।

कार्यक्रम में राज्यमंत्री लखन पटेल ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा विद्यार्थियों को बिना तनाव के परीक्षा देना चाहिये। विद्यार्थी बिना तनाव और भय के परीक्षा में अच्छे अंक ला सकते हैं, इसके टिप्स बताएं।

ज्ञात हो राज्यमंत्री लखन पटेल उत्कृष्ट विद्यालय के पूर्व छात्र रहे हैं। उन्होंने कृषि क्षेत्र में स्थित श्री सिद्ध बाबा के यहां देव पूजन किया। इसके पश्चात उन्होंने उत्कृष्ट विद्यालय के विद्यार्थियों को कक्षा 12 वीं एवं 10 वीं के प्रवेश पत्रों का वितरण किय।

इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी एसके नेमा, पूर्व डीपीसी राजेंद्र पटेल उपस्थित रहे। कार्यक्रम का आभार विद्यालय के प्राचार्य आर पी पटेल द्वारा व्यक्त किया गया।






# अभ्युदय अनुसूचित जनजाति सेवा समिति की विशेष बैठक सम्पन्न

(आशीष वाणी)

**आलीराजपुर।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के अंतर्गत पंजीकृत संस्था आंबेडकर वार्ड एवं अभ्युदय अनुसूचित जाति जन सेवा समिति द्वारा ग्रामोदय से अभ्युदय मध्यप्रदेश अभियान के तहत ग्रामीण एवं शहरी विकास को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक का उद्देश्य समाज को जिला स्तर पर एकजुट कर सामाजिक, धार्मिक एवं विकासात्मक गतिविधियों को गति देना रहा।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि गायत्री परिवार जिला आलीराजपुर के जिला समन्वयक संतोष वर्मा ने कहा कि समाज सेवा के लिए हमारे जीवन में सभ्यता और सादगी होना बहुत आवश्यक है। सबसे पहले हम अपने जीवन को सभ्य और सुसंस्कृत बनाए ताकि हमारा प्रत्येक कार्य प्रमाणिक और विश्वसनीय लगे। समाज सेवा ही भगवान की सेवा में है। बैठक में समाजहित से जुड़े महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर सहमति बनी, जिसमें श्री नर्मदा परिक्रमा वासियों एवं संत-महात्माओं के लिए विश्राम एवं भोजन व्यवस्था हेतु धर्मशाला निर्माण तथा मंदिरों के जीर्णोद्धार का कार्य शामिल है। साथ ही इन कार्यों की शुरुआत श्री बालवीर हनुमान मंदिर को मुख्यालय बनाकर की गई, जहाँ गायत्री शक्तिपीठ के मार्गदर्शन में वेदिक यज्ञ-संस्कार केंद्र की स्थापना की जाना प्रस्तावित है।एवं धार्मिक गतिविधियों के साथ ही रोजगार ओर शासन द्वारा मिलने वाले लाभों के बारे मे जानकारी दी गई ।

जन अभियान परिषद की ओर से श्री नागरिया जी सास्तिया जी ने जन अभियान के उद्देश्यों व गतिविधियों की जानकारी दी। वहीं नगर पालिका आलीराजपुर की



ओर से प्रतिनिधि सुश्री मीना डावर ने नगर की विभिन्न योजनाओं, कर्मचारियों को मिलने वाले लाभ एवं शासन के सहयोग की जानकारी साझा की।

समाजसेवी के.सी. गुप्ता एवं प्रमेय रेवड़िया ने स्वास्थ्य विभाग से मिलने वाले सामाजिक लाभों पर प्रकाश डालते हुए समाज को एकजुट रहने का संदेश दिया। कार्यक्रम में रामू तिनक एवं नाना पंडित (सुरसिंह सास्ते) द्वारा भी मार्गदर्शन प्रदान किया गया। कार्यक्रम में सोंडवा, जोबट, भाबरा, वालपुर, उमराली एवं अलीराजपुर क्षेत्र के वाल्मीकि, रविदास एवं कोटवाल समाज के समाजसेवियों ने सहभागिता की। महिला सशक्तिकरण में महिला मंडल गठन एवं युवाओं के विकास पर भी विशेष चर्चा की गई। कार्यक्रम का संचालन समिति के अध्यक्ष लोकेंद्र सोलंकी ने किया तथा आभार प्रदर्शन युवा संयोजक करण मेहरा ने किया।

# भाजपा आपस में लड़ाने की राजनीति करती है-हेमंत लारिया

**दमोह।** जिला अनुसूचित कांग्रेस कमेटी के विभाग की समीक्षा बैठक प्रदेश से अनुसूचित विभाग के जिला प्रभारी हेमंत लारिया के मुख्य आतिथ्य में हुई। बैठक को संबोधित करते हुए जिला प्रभारी हेमंत लारिया ने कहा कि भाजपा विवादित मुद्दो को उठाकर राजनीति करती है। वह एक जाति को दूसरी जाति से लड़ाने का काम कर रही है। आज जो पंचायत/वार्ड समितिया बन रही है। उनमें अनुसूचित वर्ग की अधिक से अधिक भागेदारी की जाये। पूर्व नपाध्यक्ष मनु मिश्रा कहा कि भाजपा ने अनुसूचित वर्ग में सेंध मारकर वोटे तो हथिया लिया किन्तु आज अनुसूचित वर्ग भी जान चुका हैं कि उनका हित कांग्रेस पाटी ही कर सकती है। अनुसूचित वर्ग के जिलाध्यक्ष अजय जाटव ने कहा कि उनके जिला संगठन के समस्त पदाधिकारी अपने अपने क्षेत्र में मजबूती से काम कर रहे है। वीरेन्द्र राजपूत, नितिन मिश्रा, प्रदीप पटेल, अमर सिह, प्रफुल्ल श्रीवास्तव, दूगपाल सिंह, बसंत कुशवाहा, प्रदेश महासचिव मुकेश रोहिताश, मंजीत यादव, अफजल खान, शमीम कुरेशी, प्रवेन्द्र चंद्राकर, मदन सुमन, रियाज खान ने भी अपने संबोधन में कहा कि



अनुसूचित विभाग के जिलाध्यक्ष पर पूर्व में भाजपा द्वारा नजरबंद करवाया किन्तु बगैर भयभीत हुए वह अपने संगठन के साथ आम जनता की लड़ाई लड़ रहे है। इस अवसर पर अशोक ठाकुर, गोपाल रैकवार, खिल्लु ठाकुर, पप्पू लारिया, हुकुम पटेल, मनमोहन मानक अहिरवार, नरेश प्रशांत अहिरवार, करण बैन, कुलदीप अहिरवार, संजू अहिरवार, ए.के. चिश्ती, दीपक अहिरवार, राजा अहिरवार, जित्तू अहिरवार, बाबू चौहान, समेंत अनेको अनुसूचित वर्ग के पदाधिकारियें कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।

# मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना से मिली आत्मनिर्भरता, आजाद भाटोदरा बने रोजगार प्रदाता

(आशीष वाणी)

**आलीराजपुर।** आलीराजपुर जिले के निवासी आजाद भाटोदरा ने मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना का लाभ लेकर स्वरोजगार की दिशा में एक सफल कदम बढ़ाया है। श्री भाटोदरा का मेटल फेब्रिकेशन के क्षेत्र में रुचि रखते थे और लंबे समय से इस क्षेत्र में स्वयं का कार्य शुरू करना चाहते थे, लेकिन आर्थिक संसाधनों के अभाव में यह कार्य संभव नहीं हो पा रहा था। इसी दौरान उन्होंने जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, आलीराजपुर से संपर्क किया, जहाँ उन्हें अधिकारियों द्वारा मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना की जानकारी दी गई और बताया गया कि इस योजना का लाभ उठा कर वह स्वयं स्वरोजगार स्थापित कर सकते है। श्री आजाद ने मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना के लिए आवेदन किया जिसमें आवश्यक प्रक्रिया पूर्ण करने के बाद उनका आवेदन स्वीकृत हुआ और बैंक ऑफ बड़ौदा, शाखा आलीराजपुर से उन्हें योजना अंतर्गत ?9.99 लाख का ऋण मेटल फेब्रिकेशन ट्रेडिंग शॉप की स्थापना हेतु प्राप्त हुआ। श्री आजाद ने ऋण मिलने के पश्चात अपने व्यवसाय की शुरुआत की। वर्तमान में उनका प्रतिष्ठान सफलतापूर्वक संचालित हो रहा है और वे 5 स्थानीय लोगों को रोजगार उपलब्ध करा रहे हैं। उनके द्वारा तैयार किए जा रहे मेटल फेब्रिकेशन उत्पादों की मांग स्थानीय स्तर के साथ-साथ अन्य जिलों में भी है, जिससे उनका व्यवसाय लगातार विस्तार की ओर बढ़ रहा है। आजाद भाटोदरा ने कहा कि मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना से उन्हें न केवल आर्थिक सहयोग मिला, बल्कि आत्मविश्वास भी बढ़ा। उन्होंने इस योजना को युवाओं के लिए उपयोगी बताते हुए कहा कि इच्छाशक्ति और सही मार्गदर्शन हो तो स्वरोजगार के माध्यम से आत्मनिर्भर बना जा सकता है और इस योजना के लिए मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव का आभार व्यक्त किया। उक्त सफलता की कहानी जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र द्वारा दी गई है।



## मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव का जिले में प्रस्तावित दौरे को लेकर कलेक्टर नीतू माथुर ने किया चंद्र शेखर आजाद नगर में स्थलों का निरीक्षण

(आशीष वाणी)

**आलीराजपुर।** चंद्र शेखर आजाद नगर में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के प्रस्तावित दौरे की तैयारियों को लेकर सोमवार को कलेक्टर श्रीमती नीतू माथुर ने हेलिपैड, आजाद कुटिया एवं सभा स्थल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समयबद्ध और सुचारु रूप से सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर श्रीमती माथुर सर्वप्रथम चंद्र शेखर आजाद नगर पहुंचीं, जहां उन्होंने हेलिपैड का निरीक्षण कर सुरक्षा, यातायात एवं अन्य व्यवस्थाओं की समीक्षा की। इसके पश्चात उन्होंने शहीद क्रांतिकारी चंद्र शेखर आजाद के जन्म स्थल आजाद कुटिया पहुंच कर उनकी प्रतिमा को नमन किया और परिसर में



मुख्यमंत्री के प्रस्तावित आगमन कार्यक्रम को लेकर आवश्यक तैयारियां करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने हेलिपैड से आजाद कुटिया तथा सभा स्थल तक के पहुंच मार्ग का भी जायजा लिया और अधिकारियों को साफ-सफाई, सुरक्षा, पेयजल, विद्युत एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं की उचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर श्रीमती माथुर ने बताया कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का चंद्र शेखर आजाद के शहादत दिवस पर आलीराजपुर जिले के दौरे का प्रस्तावित कार्यक्रम है। इसी को दृष्टिगत रखते हुए उनके द्वारा सभी विभागों के अधिकारी-कर्मचारियों को आपसी समन्वय के साथ तैयारियां पूर्ण करने के निर्देश दिए गए हैं।

इस दौरान अनुविभागीय अधिकारी सुश्री निधि मिश्रा, तहसीलदार जितेंद्र तोमर सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## खेलो एमपी यूथ गेम्स में आलीराजपुर जिले के खिलाड़ियों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

(आशीष वाणी)

**आलीराजपुर।** जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी ने बताया कि कलेक्टर श्रीमती नीतु माथुर एवं पुलिस अधीक्षक रघुवंश सिंह के मार्गदर्शन में विकासखण्ड स्तरीय खेलो एमपी यूथ गेम्स का आयोजन दिनांक 16 जनवरी 2026 से 19 जनवरी 2026 तक किया गया। दिनांक 20 जनवरी 2026 को जिला स्तरीय खेलो एमपी यूथ गेम्स का सफल समापन हुआ, जिसमें जिले के सभी 06 विकासखण्डों से कुल 1127 बालक-बालिकाओं ने सहभागिता की। जिला स्तरीय प्रतियोगिता में विजेता एवं उपविजेता खिलाड़ियों को ट्रॉफी, मेडल एवं प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। चयनित खिलाड़ी दिनांक 21 जनवरी 2026 को इंदौर में आयोजित संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में सम्मिलित हुए। इसी क्रम में दिनांक 27 जनवरी 2026 से 31 जनवरी 2026 के मध्य उज्जैन संभाग में आयोजित राज्य स्तरीय खेलो एमपी यूथ गेम्स में जिला आलीराजपुर, विकासखण्ड उदयगढ़ की रस्साकसी बालिका वर्ग टीम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त कर जिले का नाम रोशन किया। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता भोपाल में आयोजित एथलेटिक्स स्पर्धाओं में लंबी कूद में नागरसिंह पिता करमसिंह कनेश ने प्रथम स्थान, 110 मीटर हर्डल्स में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। वहीं ऊँची कूद में प्रदीप पिता मुकामसिंह तोमर ने प्रथम स्थान एवं प्रदीप पिता गिलदार मण्डलोई ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। संभाग जबलपुर में आयोजित राज्य स्तरीय खेलो एमपी यूथ गेम्स प्रतियोगिता में खो-खो बालक एवं बालिका



दोनों वर्गों की टीमों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्री-क्वार्टर फाइनल तक का सफर तय किया। इसके अतिरिक्त क्रिकेट में केदार विश्वास तथा शूटिंग में वेदिका महेश रावत ने राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में सहभागिता कर जिले को गौरवान्वित किया। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में पदक प्राप्त करने वाले खिलाड़ी मध्यप्रदेश टीम के माध्यम से राष्ट्रीय स्तरीय प्रतियोगिता में प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगे। यह उपलब्धि जिला आलीराजपुर के लिए अत्यंत गौरव का विषय है। इस उत्कृष्ट उपलब्धि पर कलेक्टर श्रीमती नीतू माथुर, पुलिस अधीक्षक रघुवंश सिंह एवं जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी सुश्री संतरा निनामा द्वारा सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं प्रदान की गईं।

# जुआ खेल रहे 6 जुआरियों को पकड़कर 18000 रुपये नगदी की बरामद

(शाहिद अजमेरी)



**मंदसौर।** पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार मीणा के द्वारा अभियान के तहत निर्देश जिले के सभी थाना प्रभारीयों को दिये गये जिसके पालन मे कार्यवाही करते एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक तेर सिहं बघेल एवं SDOP ग्रामीण कीर्ति बघेल के मार्गदर्शन तथा उनि शुभम व्यास थाना प्रभारी थाना दलौदा के नेतृत्व मे दलोदा पुलिस टीम द्वारा दलोदा थाना क्षेत्र में जुआ खेल रहे 06 जुआरियों को पकड़कर उनके कब्जे से 18000 रुपए नकदी बरामद करने में सफलता प्राप्त की है। आरोपियों के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। **गिरफ्तार आरोपी**-1. अकबर पिता शाजाद पठान निवासी दत्ता की घाटी मंदसौर 2. मुहम्मद शोएब पिता तौफीक मेवाती निवासी जयपुरा मंदसौर 3. समीर पिता बाबू नियारगर निवासी गुदरी तोड़ा मंदसौर 4. इमरान पिता इस्लाम पठान निवासी स्टेशन रोड मंदसौर 5. शफी पिता गफ्फूर खां निवासी मदारपुरा मंदसौर 6. भरत पिता प्रकाश सूर्यवंशी निवासी रविदास दरवाजा मंदसौर

# शिखर पर लहराई धर्म ध्वजा, शाम को दीपों से सजा देरासर

**उज्जैन। पुलिस कंट्रोल रूम के सामने स्थित श्री शीतलनाथ जैन श्वेतांबर मंदिर की प्रतिष्ठा के 38 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में सोमवार सुबह 10 बजे मंदिर शिखर पर आचार्य विजयरत्नकीर्ति सूरी जी मसा की निश्रा में अहमदाबाद से आयी नई ध्वजा अर्पित की गयी।**

ओम पुण्याहां, पुण्याहां के उच्चारण के साथ समारोह पूर्वक नई ध्वजा मंदिर के मुख्य शिखर पर लहराई गई। इस अवसर पर प्रभु कि फैंसी डायमंड आभूषण से दिव्य अंगरचना की गयी एवं संध्या में पुरे मंदिर परिसर कि दीपो से भव्य सजावट कि गयी।

उल्लेखनीय है कि जैन धर्म में ध्वजा रोहण धर्म की विजय, तीर्थंकरों के प्रति श्रद्धा और आध्यात्मिक ऊर्जा का प्रतीक माना जाता है। यह पवित्रता, सकारात्मक ऊर्जा और पुण्य लाभ प्रदान करने वाला होता है।

मंदिर निर्माणकर्ता लाभार्थी परिवार कि रीटा बेन शाह ने बताया कि 1988 में स्थापित इस मंदिर की 39वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में यह आयोजन किया जा रहा है। ध्वजा के कायमी लाभार्थी अहमदाबाद के सेठ त्रिकमलाल अमृतलाल शाह परिवार हैं। मंदिर पर प्रतिवर्ष विधि-विधानपूर्वक ध्वजा अर्पण एवं प्रभावना वितरण की परंपरा निभाई जाती है। इस अवसर पर बड़ी संख्या में सुदामा जैन समाज जन उपस्थित रहे।



# चोर गिरोह महिला के साथ पॉश इलाके में चोरी की वारदात को अंजाम दे रहा

## चोर गिरोह ने दो बड़ी वारदात को दिया अंजाम, सीसीटीवी में घटना कैद हुई, पुलिस खंगाल रही सीसीटीवी फुटेज

**उज्जैन। उज्जैन शहर में एक चोर गिरोह महिला के निर्देश पर चोरी की घटना को अंजाम दे रहा है। इस महिला संलग्न चोर गिरोह जिसमे कुल तीन सदस्य है जो टूव्हीलर पर जाकर वारदात कर रहे है।**

लगता है अब पॉश इलाकों में पुरुष चोरों के साथ महिला चोर भी सक्रिय हो गई हैं। नानाखेड़ा थाना क्षेत्र के महानंदा नगर और बसंत विहार में चोरी की दो बड़ी वारदातों ने पुलिस की नींद उड़ा दी है। सीसीटीवी फुटेज में एक चौंकाने वाला खुलासा हुआ है, जिसमें चोरी की इस घटना में दो पुरुषों के साथ एक महिला चोर भी वारदात को अंजाम देती नजर आ रही है।

नानाखेड़ा थाना क्षेत्र के बसंत विहार में विकास पिता गोपाल पंवार का मकान बना हुआ है। वह इंदौर केनरा बैंक में असिस्टेंट ब्रांच मैनेजर है। इस मकान में माता-पिता रहते हैं, जो विदिशा गये हुए थे और मकान सूना था।

शनिवार रात उनके मकान का ताला तोड़कर बदमाशों ने चोरी की वारदात को अंजाम दे दिया। सुबह आसपास के लोगों ने विकास को ताला टूटने की जानकारी दी। वह ड्यूटी खत्म होने पर उज्जैन पहुंचे। विकास ने बताया कि चोरी की वारदात में बदमाशों ने करीब डेढ़ किलो चांदी के साथ सोने के आभूषण और डेढ़ लाख रुपये नकद चोरी हुए हैं। पुलिस ने मामले में जांच शुरू करते हुए अज्ञात बदमाशों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया।

**महानंदानगर में भी हुई वारदात**

पुलिस बसंत बिहार में चोरी की जांच कर रही थी। तभी पता चला कि महानंदानगर में रहने वाले बिजनेस मैन राजेन्द्र भार्गव के मकान का भी ताला टूटा हुआ है।

पुलिस मौके पर पहुंची, इस दौरान सामने आया कि राजेन्द्र जैन पूर्व पार्षद दिलीप भार्गव के भाई है। जो दस दिनों से परिवार के साथ पुणे गये हुए है। भाई के मकान में चोरी का पता चलते ही दिलीप भार्गव महानंदानगर पहुंच गये थे। आशंका जताई कि बदमाशों ने आभूषणों के साथ नकदी चोरी की है। उक्त मामले में भी पुलिस ने चोरी का प्रकरण दर्ज किया और जांच के लिये फिंगर प्रिंट टीम को बुलाया। परिवार के पूणे से लौटने पर चोरी के सामान का आकंलन किया जाएगा।







**सीसीटीवी फुटेज मे दिखी चोर महिला पुरुषों के साथ**

पुलिस ने महानंदानगर के सी सेक्टर में रहने वाले राजेन्द्र भार्गव के मकान में हुई चोरी के बाद आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज देखे। इस दौरान सामने आया कि बदमाश स्कूटी पर सवार होकर रात 2 बजे बाद पहुंचे थे। स्कूटी पर तीन लोग सवार थे, जिन्होने पैंट शर्ट, जैकेट के साथ चेहरे पर नकाब ओढ़ रखा था। तीनों में एक युवती शामिल है। स्कूटी से उतरने के बाद युवती ने अपने साथी के बेग से ताला तोड़ने का औजार निकाला और दूसरे को दिया। ताला तोड़ने के बाद तीनों अंदर पहुंचे और करीब एक घंटे बाद बाहर निकले।

पुलिस को आशंका है कि तीनों बदमाशों ने बसंत बिहार में भी चोरी को अंजाम दिया है और एक घर के अंदर से वाहन की बाहर निकालते सीसीटीवी फुटेज मे दिखाई दे रहे है। आगे के फुटेज खंगालने पर तीनों महामृत्युंजय द्वार की ओर तक जाते दिखाई दिये है। पुलिस उनकी स्कूटी का नम्बर ट्रेस करने का प्रयास कर रही है। संभावना है जल्द तीनों का पता लगा लिया जाएगा।

**नये सिरे से हो रही जांच**

खास बात यह है कि गिरोह में महिला की मौजूदगी ने पुलिस को नए सिरे से जांच करने पर मजबूर कर दिया है। पुलिस ने डॉग स्क्वॉड और फिंगरप्रिंट विशेषज्ञों की मदद से साक्ष्य जुटाए हैं। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मोबाइल लोकेशन और फुटेज के आधार पर महत्वपूर्ण सुराग मिले हैं और जल्द ही इस मिश्रित गिरोह को सलाखों के पीछे भेजा जाएगा।

# हरिदास महराज बने भगत सिंह सेना के राष्ट्रीय धर्म प्रचारक

(अनिल भरावा)

**आलोट। भगत सिंह सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष हरीबाबू पासवान ने हरिदास महराज को सेना के राष्ट्रीय धर्म प्रचारक का दायित्व प्रदान किया है।**

उक्त नियुक्ति की घोषणा भगत सिंह सेना के राष्ट्रीय महासचिव एडवोकेट नीलमंम शर्मा ने करते हुए बताया कि श्री हरिदास महराज भगत सिंह सेना के संगठन को मजबूत कर सेना के धर्म प्रचारक के रूप में पूरे देश में कार्य करेंगे ज्ञात है कि हरदास महाराज जगह जगह मंदिरों में अखंड रामायण का पाठ का संकल्प दिलवा रहे है। इसी कड़ी में वर्तमान में आलोट के तीर्थ स्थल अनादि



कल्पेश्वर महादेव मंदिर स्थित कनक पर्वत पर हनुमान मंदिर पर प्रतिदिन एक घंटा अखंड रामायण का पाठ किया जा रहा है। हरिदास महराज की नियुक्ति पर खुशी जाहिर करते हुए इष्ट मित्रों एवं धार्मिक संगठनों ने उन्हें बधाई प्रेषित की है।

# एक फरवरी 26 को वेयरहाउस में डकैती हुई और दो फरवरी 26 को सामग्री तराना में बिक गई

**उज्जैन/तराना।** एक अजीबो गरीब चोरी का मामला सामने आया जिसमें चोरों ने एक फरवरी 26 को राजगढ़ जिले के सलूजा वेयरहाउस में कर्मचारियों को बंदूक की नोक पर बंधक बनाकर 58 क्विंटल 60 किलो गेहूं लुट कर वाहन में ले जाने में सफल हुए। आश्चर्य तो तब हुआ जब पुलिस जांच में यह खुलासा हुआ कि चोरों ने 1 फरवरी 26 की रात्रि में चोरी किए गेहूं को 2 फरवरी 26 को उज्जैन जिले के तराना में लाकर एक व्यापारी को बेच दिए। मामले की जानकारी राजगढ़ पुलिस को मिलते ही हरकत में आई राजगढ़ पुलिस ने उज्जैन जिले के तराना में व्यापारी के यहां आकर पूछताछ कर राजगढ़ पुलिस मिली जानकारी अनुसार चोरी के गेहूं जब्त कर खरीदने वाले व्यापारी को राजगढ़ ले गई। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार दोनों चोर जूनापानी क्षेत्र के होकर गेहूं इनके द्वारा ही चोरी कर बेचे गए है। राजगढ़ पुलिस पूरे मामले की तहकीकात में जुट गई होकर शीघ्र ही सभी आरोपियों को गिरफ्तार करेगी और आगामी कार्यवाही करेगी फिलहाल मामला जांच में है।








प्रकाशक, मुद्रक धवन माहेश्वरी, मालिक गजेन्द्र माहेश्वरी द्वारा उदयरत्न ऑफसेट, 10/2, दारू गोडाउन के आगे, आगर रोड, उज्जैन (मध्यप्रदेश) से मुद्रित, 190, विधापति नगर, नानाखेड़ा, उज्जैन (मध्यप्रदेश) से प्रकाशित
संपादक:शानू माहेश्वरी, ( 9754776006, 7974826006, 8643056464,9575154444) समाचार पत्र में प्रकाशित प्रत्येक समाचार के लिए प्रधान संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों के निपटारे हेतु न्यायालय क्षेत्र उज्जैन ही रहेगा । समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एट के तहत जिमेदार। कानूनी सलाहकार तनुज दीक्षित (अधिवक्ता सुप्रीम कोर्ट)।